दिनांक 29.03.2025 समय: 2.10 PM

प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति-एनजीटी सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन-2025 का उद्घाटन किया। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने किया है। यह सम्मेलन सहयोग को बढावा देने, जागरुकता लाने और पर्यावरण संरक्षण तथा सततता के सामूहिक मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परविर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत कार्बन फुटप्रिंट कम करने में नवाचार को बढावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में ऊर्जा का उत्पादन करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत ने वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावॉट नवीनकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए कल से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर जलाभिषेक के साथ अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून तक तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना का लोकार्पण करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। आगरमालवा जिले में प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनसमुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के एक-एक कार्य प्रारंभ होंगे।

सिंधिया प्रवास

अशोक नगर में आज केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र राज्य मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजमाता विजया राजे सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण किया, इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया मातृशक्ति की सूचक रही है उन्होंने महिला शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया है। ग्वालियर में 70 एकड़ जमीन देकर कन्या विद्यालय प्रारंभ करवाया। श्री सिंधिया ने शासकीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया तथा मरीजों से चर्चा भी की। श्री सिंधिया कलेक्टरट परिसर में जनसुनवाई कर आम जनता की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। इसके उपरांत वे आज विधि महाविद्यालय में काल सेंटर का लोकार्पण भी करेंगे।

छत्तीसगढ़-माओवादी

छत्तीसगढ़ के बस्तर डिविजन के सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में जिला रिज़र्व गार्ड-डीआरजी के दो जवान घायल हुए। केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल और डीआरजी के संयुक्त दल ने नक्सल रोधी अभियान चलाया। मुठभेड़ स्थल से अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त ए.के.-47, रॉकेट लॉन्चर, राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए घटना की जानकारी दी।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया

जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

शनिश्चरी अमावस्या

शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर आज आगरमालवा जिले के श्रीबैजनाथ महादेव शिवालय पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा भजन कीर्तन कर दान पुण्य किया। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। सतना जिले की भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में आज शनिवारी अमावस्या पर श्रद्धालु मां मंदाकिनी में पूजन कर कामदगिरि पर्वत का परिक्रमा लगा रहे हैं। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। उधर खंडवा में कल भूतड़ी अमावस्या पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में लगाई आस्था की डुबकी लगाई।

संक्षिप्त समाचार

1- संबल योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल ग्वालियर -चंबल संभाग के 2 हजार 693 हितग्राहियों सहित प्रदेश के कुल 23 हजार 162 हितग्राहियों के खातों में 505 करोड़ रूपए की धनराशि अंतरित की।

2- जबलपुर नगर निगम के बजट सत्र में महापौर जगत बहादुर अन्नू ने 18 सौ करोड़ रुपए का बजट पेश किया।

3- छिंदवाड़ा जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में कल एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षणिक सत्र प्रवेश उत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई।

4- विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत नीमच जिला मुख्यालय पर सूर्य उपासना कार्यक्रम कल आयोजित किया जाएगा।

नमस्कार